दिनांक: 13.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश का दौर धीमा पडने से राहत– आज दौसा में भारी बारिश का रेड अलर्ट, वहीं कई अन्य जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट।
- मुख्यमंत्री ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिये।
- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने पिछडे और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन ।

0000

प्रदेश के पूर्वी जिलों में पिछले चार दिनों से जारी भारी बारिश का दौर आज धीमा पड़ा है, जिससे लोगों को राहत मिली है। हालांकि आज भी दौसा, करौली, जयपुर और डीग जिलों में मध्यम से तेज बारिश हुई है। दौसा, करौली, भरतपुर, धौलपुर और सवाईमाधोपुर के कई गांव और शहरों के निचले इलकों में अभी भी पानी भरा है। डीग में लगातार बारिश का दौर जारी है। अतिवृष्टि के कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है। दौसा जिले

के कई इलाकों में आज भी तेज पानी बरसा। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश से नदी–नाले उफान पर है।

..................

करौली में दोपहर तक बारिश हुई, उसके बाद मौसम साफ हो गया। जयपुर शहर के कुछ इलाकों में सुबह बारिश के बाद धूप खिल गयी। सवाईमाधोपुर में आज बरसात नहीं हुई। धौलपुर में भी आज वर्षा का दौर थमने से आमजन को राहत मिली है। उधर, सिरोही जिले के माउंट आबू समेत आज आबूरोड सहित अनेक स्थानों पर बारिश हुई। माउंट आबू में हो रही बारिश से यहां का मौसम सुहाना बना हो गया। चुरू में अच्छी वर्षा के समाचार हैं। भारी बारिश को देखते हुए रेल प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है, उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम विकास पुरवार ने आज स्पेशल बोगी से रेलवे मार्गों का निरीक्षण किया। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चार पांच दिन प्रदेश में तेज बारिश की संभावना जताई है। मौसम केंद्र जयपुर ने आज दौसा में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट, वहीं सवाई माधोपुर, टोंक, सीकर, सवाई माधोपुर, करौली, झुंझुनू, जयपुर, धौलपुर, बूंदी, भतरपुर और अलवर में भारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज दौसा, करौली और भरतपुर जिले के अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने दौसा जिले के राहुवास–निर्झरना–लालसोट, करौली जिले के सपोटरा और हिंडौन समेत कई इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का आकलन किया। इलाके का दौरा करने के बाद करौली में मुख्यमंत्री ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिये। इसके बाद

मुख्यमंत्री ने भरतपुर के भी अतिवृष्टि प्रभावित कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से भरतपुर शहर सहित जिले के बयाना रूपवास और अन्य इलाकों में जल भराव के हालातों का जायजा लिया। उन्होंने पांचना बांध से गंभीर नदी में आए पानी के साथ ही जल भराव से उपजे हालातों और बचाव कार्य की विस्तार से अधिकारियों से चर्चा की और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बयाना की बाणगंगा नदी में दो दिन पहले डूबने से मरने वाले युवकों के आवास पर पहुंचकर परिवारजनों को ढांढस बंधाया तथा प्रत्येक मृतक के आश्रितों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।
इससे पहले, मुख्यमंत्री ने जयपुर में तेज बारिश से उत्पन्न हुए हालातों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारी बारिश से जयपुर शहर की साफ–सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़कों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जयपुर शहर का दौरा करें तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रभावित इलाकों में लोगों को तत्काल राहत पहुंचाई जाये तथा बचाव और राहत कार्यों में संवेदनशीलता के साथ काम करने के निर्देश दिये।

श्री शर्मा ने शहर में ट्रांसफार्मरों के खुले तारों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को आज ही मौका मुआयना कर सभी ट्रांसफार्मर के रख–रखाव के निर्देश दिये जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो।

वहीं, आपदा राहत मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी आज अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों का दौरा किया। किरोड़ीलाल मीणा भरतपुर के बयाना पहुंचे। उन्होंने यहां दो दिन पहले हुई 7 युवकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और पीड़ित

परिवारों को 4–4 लाख के चैक दिए। यह चैक आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से दिए गए हैं। उन्होंने करौली और हिंडौन सिटी में प्रभावित इलाकों का मुआयना कर स्थिति की जानकारी ली। श्री मीणा ने दौसा के महुआ में भी तेज बारिश से परेशान हुए लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने पिछड़े और आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया है। आज राजभवन में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए श्री बागडे ने कहा कि पिछड़े और आदिवासी इलाकों में खाली पदों को प्राथमिकता से भरा जाये, ताकि नागरिकों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।
उन्होंने चिकित्सकों से गांव, तहसील में अनिवार्य रूप से पहुंचने और सेवा भाव से काम करने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी और ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सामुदायिक और उप सामुदायिक चिकित्सालयों का आकस्मिक और प्रभावी निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता जताई।

बैठक में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है की प्रत्येक नागरिक को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जायें।

000

------------------

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जयपुर में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा रैली निकाली गयी। रैली रामलीला मैदान से शुरू हुई और बड़ी चौपड़ पर इसका समापन हुआ। तिरंगा रैली से पहले रामलीला मैदान में एक जनसभा हुई, जिसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के जरिये युवाओं को जागृत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस सदी में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा।

--------------------

सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, विधायक तथा अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इसके अलावा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की ओर से जयपुर में तिरंगा पैदल रैली निकाली गई। जोधपुर में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज विशाल तिरंगा यात्रा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र प्रेम की भावना से जोड़ा है। उन्होंने प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों और आमजन को तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलवाई। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान के अन्तर्गत हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति का संदेश भी दिया। अलवर में तिरंगा रैली को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सम्बोधित किया। बांसवाड़ा

में स्वामी विवेकानन्द मूर्ति मोहन कॉलोनी से गांधी मूर्ति तक तिरंगा मैराथन आयोजित की गई। डीग में इसी सिलसिले में बाइक रैली का आयोजन हुआ। जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल द्वारा डाबला में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। बल द्वारा आमजन को तिरंगा झंडा वितरित किया गया। कोटा के दीगोद में तिरंगा ट्रेक्टर रैली निकाली गई। पाली में जय जवान जय तिरंगा जय किसान स्लोगन के साथ ट्रेक्टर रैली निकाली गई। श्रीगंगानगर में तिरंगा शपथ दिलाई गई। डूंगरपुर में वाहन रैली निकाली। चित्तौडगढ में जिला कलेक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। झुन्झुनू में जिला प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से तिरंगा ट्रेक्टर रैली निकाली गई जिसमें 200 से ज्यादा किसानों ने ट्रेक्टर के साथ हिस्सा लिया। चूरू में धर्म स्तूप पर 75 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराया गया। गंगापुर सिटी और सवाईमाधोपुर में भी रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के तहत अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के बाहर कल तिरंगा वितरण कार्यक्रम रखा गया है।

000

रक्षा मंत्रालय ने देशभर से पीएम श्री विद्यालयों के 100 बच्चों को उनके अभिभावकों और अध्यापकों के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले ''स्वतंत्रता दिवस समारोह'' का साक्षी बनने के लिए बतौर 'विशिष्ट अतिथि' आमंत्रित किया है। समारोह में भाग लेने के लिए राज्य से 6 विद्यार्थियों और 6 शिक्षकों के दल को आज शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने जयपुर के शिक्षा संकुल से रवाना

किया। राज्य का ये दल स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के अलावा अन्य कार्यक्रमों में शामिल होगा।

000

केन्द्र सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वालों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। समारोह के लिए आमंत्रण मिलने के बाद बीकानेर के केंद्रीय विद्यालय नाल की छात्रा चैताली पंवार ने इस पर खुशी जतायी।

.................

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो के विभिन्न कार्यालयों की ओर से आज प्रदेश में कई जगह विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। जयपुर में प्रदर्शनी का उद्घाटन जयपुर सांसद मंजू शर्मा और स्वतंत्रता सेनानी रामू सैनी ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि आज की पीढ़ी आजादी के महत्त्व को समझे। इस आजादी को प्राप्त करने में कई लोगों ने अपना बलिदान दिया है और विभाजन की पीड़ा को झेला है। स्वतंत्रता सेनानी रामू सैनी ने कहा कि देश का विभाजन सिर्फ सरहदों का बटवारा ही नहीं था, बल्कि इस दौरान जैसा माहौल बना उससे मानवता शर्मसार हुई। लाखों निर्दोष लोगों ने उस अपराध की सजा पाई जो उन्होंने किया ही नहीं था। इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि जयपुर सहित जोधपुर, अजमेर और अलवर रेलवे स्टेशनों के साथ ही उदयपुर, डूंगरपुर और आबू रोड के शैक्षणिक संस्थानों में तथा कोटा के चम्बल रिवर फ्रंट में

ब्यूरो द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। बीकानेर में इसी तरह की प्रदर्शनी का शुभारंभ बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास ने किया। श्री व्यास ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आज का युवा विभीषिका के समय से सीख ले।

000